मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
वर्ष : 44 ■ अंक : 25 ■ मंगलवार 31 मार्च 2026 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4
FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play · Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel · Subscribe
संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A.
Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

**40 की उम्र में सोनम कपूर दूसरी बार मां बनीं**

# ठाणे जिले में गरमी का तांडव

- **तापमान 40 डिग्री के पार**
- **लोग दोपहर की गर्मी से परेशान**



**कल्याण.** जैसे-जैसे मार्च खत्म हो रहा है, गर्मी का प्रकोप दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। दोपहर में शहर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने से लोग सचमुच हैरान रह गए। शहर की मुख्य सड़कों, चौराहों, बाज़ारों और ट्रांसपोर्ट रूट पर चलने वाले लोगों को तेज़ गर्मी झेलनी पड़ रही है, और दोपहर में बाहर निकलना और भी मुश्किल हो रहा है।

पिछले कुछ दिनों से सुबह से ही गर्मी का प्रकोप महसूस हो रहा है और दोपहर तक इसकी तीव्रता बढ़ जाती है। इस वजह से पैदल चलने वाले, दोपहिया वाहन चलाने वाले, रिक्शा चलाने वाले, फेरीवाले, काम करने वाले, स्कूली छात्र और सीनियर सिटिजन गर्मी से सबसे ज़्यादा परेशान हो रहे हैं। दोपहर की धूप में सड़कों पर चलने वाले कई लोगों ने रूमाल, स्कार्फ, टोपी और छाते का सहारा लिया, लेकिन फिर भी गर्मी का अहसास हो रहा है।

राज्य के कुछ हिस्सों में बेमौसम बारिश होने से माहौल कुछ ठंडा हो गया और टेम्परेचर 30 से 32 डिग्री तक गिर गया। इससे गर्मी का स्ट्रेस कुछ कम हुआ लगता है, लेकिन पिछले तीन-चार दिनों से गर्मी का असर फिर से तेज़ी से बढ़ने लगा है। इस दौरान शहर का टेम्परेचर लगातार 35 से 39 डिग्री के बीच रिकॉर्ड होने से नागरिकों को फिर से तेज़ गर्मी महसूस होने लगी है।

### दोपहर में बाहर निकलने से बचें

खासकर दोपहर के समय सड़कों पर और कंक्रीट की इमारतों के आस-पास तेज़ गर्मी की वजह से लोगों को शरीर में झुनझुनी महसूस हो रही है। गर्म हवाओं और नमी वाले मौसम की वजह से यह परेशानी और बढ़ रही है। दोपहर के समय बाज़ारों, कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन एरिया और बड़े चौराहों पर लोगों का आना-जाना आम दिनों के मुकाबले कुछ कम हो गया है। कई लोग तेज़ गर्मी से बचने के लिए दोपहर में ट्रैवल करने से बचने लगे हैं। जबकि कुछ लोग सुबह या शाम को ज़रूरी काम निपटाना पसंद कर रहे हैं।

### ध्यान रखने की अपील

हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, इस तरह की हीट वेव के दौरान लोगों को खास ध्यान रखना ज़रूरी है। खूब पानी पिएं, छाछ, नींबू पानी, फलों का जूस जैसे लिक्विड पिएं, दोपहर में बेवजह बाहर जाने से बचें, ढीले कपड़े पहनें, सिर को ढकें और बच्चों और सीनियर सिटिज़न्स का खास ध्यान रखें।

## अंबरनाथ का छाया अस्पताल ICU में

- **मरीजों को हो रही परेशानी**
- **पानी नहीं, डॉक्टर नहीं**
- **शल्य चिकित्सक से की गई शिकायत**




**अंबरनाथ.** अंबरनाथ उप जिला छाया अस्पताल आईसीयू में चला गया है. अस्पताल में डॉक्टरों की कमी है. उपचार के लिए घंटों मरीजों को इस भयंकर गरमी में पसीने में तरबतर होकर खड़ा रहता पड़ता है. मरीजों के उपचार हेतु बनाए गए पतरे के कमरे में खड़ा रहना पड़ता है, जिसके कारण गरमी में कई मरीज बेहोश हो रहे हैं. इस संबंध में शिकायत मिलने पर नगरसेवक विकास हेमराज जब छाया अस्पताल गए तो उपस्थित मरीजों ने शिकायत की कि सादा इंजेक्शन लेने, डॉक्टर से चेकअप कराने में 2-2 घंटे लग जाते हैं. केवल एक लेडी डॉक्टर मरीजों का उपचार कर रही है. शेष डॉक्टर बैठे गप्पा मार रहे हैं. एक नर्स है, जो मरीजों की मरहमपट्टी एवं इंजेक्शन दे रही है. एक 79 वर्ष का मरीज सुबह 8 बजे से अपने उपचार के लिए गरमी में पसीने में नहाते हुए खड़ा है. नगरसेविका वैशाली गेजगे अपने बच्चे को कुत्ते के काटने पर इंजेक्शन लेने आई थी. उन्हें भी बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा. वह भी छाया अस्पताल के इस ढीले कामकाज को देखकर दंग रह गई. विकास हेमराज ने बाद में छाया अस्पताल के मुख्य शल्य चिकित्सव मनोहर बनसोडे से उल्हासनगर सेंट्रल अस्पताल में भेंट करके एक निवेदन देकर मांग की है कि छाया अस्पताल में डॉक्टरों की संख्या बढ़ाई जाए, दवाइयां रखी जाएं, मरीजों के लिए पंखे लगाए जाएं. उन्होंने कहा है कि अगर दो दिनों में पंखों का बंदोबस्त नहीं होगा, तो वह अपनी जेब से मरीजों के लिए एयर कूलर का प्रबंध करेंगे.

## पंजाब मेल की चपेट में यात्री की मौत

**कल्याण.** टिटवाला रेलवे स्टेशन पर पंजाब मेल के नीचे कुचलकर एक यात्री की मौत हो गई। इस हादसे की वजह से कसारा रूट पर रेल ट्रैफिक करीब 15 मिनट तक रुका रहा। रेलवे प्रशासन की लापरवाही की वजह से यह हादसा होने का आरोप लगाते हुए कल्याण-कसारा-कर्जत रेलवे पैसेंजर्स एसोसिएशन ने आक्रामक रुख अपनाया है। इस घटना से एक बार फिर साफ हो गया है कि रेलवे ट्रैक पार करने की घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं।

## उल्हासनगर में ट्रैफिक कंट्रोल के लिए नए प्रस्ताव



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में बढ़ते ट्रैफिक जाम ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। इस गंभीर मुद्दे का हल निकालने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने एक अहम मीटिंग की। व्यापारियों, ट्रांसपोर्ट और रिक्शा एसोसिएशन की भागीदारी से यह मीटिंग सिर्फ चर्चा नहीं बल्कि ठोस समाधान की दिशा में एक अहम कदम थी।

शहर में बढ़ते ट्रैफिक जाम की समस्या को हल करने के उपाय करने के लिए ट्रैफिक पुलिस डिपार्टमेंट की तरफ से शनिवार को एक मीटिंग की गई। इस मीटिंग में शहर में ट्रैफिक सिस्टम को और ज्यादा डिसिप्लिन्ड और स्मूथ बनाने के लिए अलग-अलग मुद्दों पर गहराई से चर्चा की गई। सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर राजेश शिरसाठ, ऑफिसर नाना आव्हाड और ट्रैफिक डिपार्टमेंट के दूसरे अधिकारी मौजूद थे। इस मौके पर ट्रेडर्स एसोसिएशन, ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन, ट्रैफिक एडवाइजरी कमेटी और रिक्शा ड्राइवर-ओनर्स एसोसिएशन के बड़ी संख्या में पदाधिकारी शामिल हुए। सभी प्रतिनिधियों ने शहर में बढ़ते ट्रैफिक, अव्यवस्थित पार्किंग, संकरी सड़कों और बढ़ती आबादी से होने वाली समस्याओं पर अपने विचार रखे। मीटिंग में कल्याण-बदलापुर रोड का काम तुरंत पूरा करने की मांग पर जोर दिया गया।

### खास समय पर हैवी वेहिकल की एंट्री

शहर में ट्रैफिक जाम कम करने के लिए, खास समय पर भारी गाड़ियों को शहर में एंट्री देने का एक अहम प्रस्ताव रखा गया। ट्रैफिक पुलिस डिपार्टमेंट ने सभी सुझावों पर गंभीरता से विचार करके जल्द ही फैसला लेने का भरोसा दिया। इसलिए, उम्मीद है कि आने वाले दिनों में उल्हासनगर का ट्रैफिक सिस्टम और भी आसान और सुरक्षित हो जाएगा।

## महिला की हत्या की कोशिश

**उल्हासनगर.** शहर में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है, जहां एक पड़ोसी ने खिड़की में बिजली का करंट प्रवाहित कर 48 वर्षीय महिला को जान से मारने की कोशिश की। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कमला नेहरू नगर स्थित धोबी घाट क्षेत्र की निवासी सुरेखा अनिल गायकवाड़ (48) 27 मार्च 2026 की सुबह करीब 9:30 बजे अपने घर के पास मौजूद आरोपी दीपक अंकुश घरगे के घर की लोहे की खिड़की बंद करने गई थीं। जैसे ही उन्होंने खिड़की को छुआ, उन्हें जोरदार बिजली का झटका लगा।

### पड़ोसी पर मामला दर्ज

पीड़िता के अनुसार, आरोपी ने जानबूझकर खिड़की में करंट छोड़ा था। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने धमकी देते हुए कहा कि खिड़की को हाथ मत लगाना, वरना करंट लगाकर नुकसान पहुंचाएगा। घटना के बाद पीड़िता ने तुरंत पुलिस थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 324 (6) और 351 (1) के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच पुलिस उपनिरीक्षक ज्ञानेश्वर माली द्वारा की जा रही है।

## अंबरनाथ में हिस्ट्रीशीटर पर MPDA के तहत कार्रवाई

- **तड़ीपार कर नासिक जेल भेजा गया**



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पुलिस ने एक खतरनाक गुंडे, दहशत फैलाने वाले, घातक शस्त्र पास में रखने वाले, जबरी चोरी करने वाले गुंडे, रिकार्ड फाइल में हिस्ट्रीशीटर वांद्रा पाड़ा, शास्त्रीनगर निवासी निखिल सतीश जाधव (27) पर एमपीडीए के तहत कार्रवाई करते हुए एक वर्ष के लिए तड़ीपार कर नासिक जेल में भेज दिया है.

गुंडे निखिल को 27 मार्च को अंबरनाथ पुलिस ने पुलिस निरीक्षक शब्बीर सय्यद के मार्गदर्शन में गिरफ्तार किया है. इस गुंडे ने अंबरनाथ शहर में दहशत फैला रखा था. वह दहशत फैला कर गुंडागर्दी करते हुए अंबरनाथ में लोगों को धमकाना, मारपीट कर घायल करना, घातक शस्त्र अपने पास रख कर लूटपाट करता था. उसकी इतनी दहशत थी कि उसके खिलाफ पुलिस में शिकायत करने से लोग डरते थे. इस गुंडे पर पुलिस स्टेशन में कई गंभीर अपराध दर्ज हैं. ऐसे अपराध करना उसकी आदत बन गई थी. वह जमानत पर छूटने के बाद बार-बार गंभीर स्वरूप के अपराध करता था. निखिल जाधव को पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे के आदेश पर ज्ञानेश्वर चव्हाण, पुलिस सह आयुक्त ठाणे, पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे, अंबरनाथ सहायक पुलिस आयुक्त शैलेश काले के मार्गदर्शन में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शब्बीर सय्यद ने कार्रवाई करते हुए इस गुंडे पर एमपीडीए के तहत कार्रवाई की गई है.



उल्हास विकास



जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं। - वाल्मीकि

उल्हास विकास

संपादकीय

## स्क्रीन की साजिश या लत की कहानी

इसमें दो राय नहीं कि सोशल मीडिया के आने से सूचना का प्रवाह तेज हुआ है, सार्वजनिक अभिव्यक्ति के नए अवसर खुले हैं और रचनात्मकता के प्रदर्शन को भी नया मंच मिला है। मगर सतर्कता और सावधानी न बरती जाए, तो कई बार तकनीक की सुविधा भी असुविधा बन जाती है।

सोशल मीडिया को लेकर भी इसी तरह की समस्याएं सामने आ रही हैं। खासकर बच्चों और किशोरों पर इसका नकारात्मक प्रभाव ज्यादा देखने को मिल रहा है। अभी तक माना जा रहा था कि बच्चों का सोशल मीडिया पर बेरोक-टोक ज्यादा समय बिताने से वे इसके आदी हो रहे हैं, जिसका न केवल उनकी पढ़ाई पर असर पड़ रहा है, बल्कि स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें भी पैदा हो रही हैं। मगर अमेरिका की एक अदालत की ओर से हाल में दिए गए फैसले में कहा गया कि बच्चों में सोशल मीडिया के इस्तेमाल की बढ़ती प्रवृत्ति के लिए संबंधित कंपनियां भी जिम्मेदार हैं। इन मंचों के डिजाइन में ऐसी खामियां हैं, जिसकी वजह से बच्चों को इनकी लत लग जाती है।

गौरतलब है कि आज के दौर में लगभग हर हाथ में स्मार्टफोन है और सस्ते इंटरनेट की सुविधा ने आभासी दुनिया तक पहुंच को आसान बना दिया है। इसका सबसे ज्यादा और गहरा असर बच्चों एवं किशोरों पर पड़ रहा है। सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से उनमें चिंता, अवसाद, नींद की कमी और एकाग्रता में कमी जैसी गंभीर समस्याएं सामने आ रही हैं।

इसी के मद्देनजर अमेरिका में मेटा और गूगल के खिलाफ मुकदमा दायर किया गया था। अभियोजन पक्ष की ओर से दलील दी गई कि सोशल मीडिया मंचों को तकनीकी तौर पर इस तरह से तैयार किया गया है कि वे बच्चों को इसके बार-बार इस्तेमाल के लिए ललचाते हैं।

अदालत ने अपने फैसले में इस तथ्य को सही पाया और दोनों कंपनियों पर भारी जुर्माना भी लगाया। तकनीकी तौर पर भले ही यह पक्ष सही है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि इस मामले में अभिभावकों की अपने बच्चों के प्रति जिम्मेदारी कम हो जाती है। बच्चों के सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर नजर रखना और समय सीमा तय करना जरूरी है, ताकि उन्हें इसके दुष्प्रभावों से दूर रखा जा सके।

# विमर्श

# समान संहिता पर राह दिखाते राज्य



गत दिनों गुजरात विधानसभा में विस्तृत चर्चा के बाद 'गुजरात यूनिफॉर्म सिविल कोड बिल, 2026' को बहुमत से पारित कर दिया गया। इस कदम के साथ गुजरात, उत्तराखंड के बाद दूसरा ऐसा राज्य बन गया है, जहां व्यक्तिगत मामलों में धर्म-आधारित अलग-अलग कानूनों के स्थान पर एकसमान कानूनी ढांचा लागू किया गया है। विधेयक के अनुसार विवाह समारोह धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न किए जा सकते हैं, किंतु उनका पंजीकरण अनिवार्य होगा। पंजीकरण न कराने की स्थिति में दस हजार रुपये तक का जुर्माना निर्धारित किया गया है। विवाह की न्यूनतम आयु पुरुषों के लिए 21 वर्ष और महिलाओं के लिए 18 वर्ष तय की गई है।

बहुविवाह को पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया गया है तथा पति या पत्नी के जीवित रहते दूसरा विवाह अमान्य माना जाएगा। तलाक के आधारों को भी स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है, जिनमें क्रूरता, परित्याग, व्यभिचार, मतांतरण और मानसिक विकार शामिल हैं। साथ ही आपसी सहमति से तलाक का प्रविधान भी रखा गया है, किंतु विवाह के एक वर्ष के भीतर तलाक की अनुमति नहीं दी जाएगी। लिव-इन रिलेशनशिप को कानूनी मान्यता देते हुए उसके पंजीकरण को अनिवार्य किया गया है।

यदि किसी पक्ष की आयु नाबालिग पाई जाती है, तो उसके माता-पिता को सूचित किया जाएगा। लिव-इन संबंध से जन्मे बच्चे को वैध संतान का दर्जा दिया जाएगा तथा महिला साथी को भरण-पोषण का अधिकार प्रदान किया गया है। बच्चों के पालन-पोषण में माता-पिता, दोनों की समान जिम्मेदारी सुनिश्चित की गई है। साथ ही उत्तराधिकार और संपत्ति के बंटवारे में पूर्ण लैंगिक समानता लागू की गई है, जिससे विभिन्न व्यक्तिगत कानूनों के कारण उपजी असमानताओं को समाप्त करने का प्रयास किया गया है।

यह कानून पूरे गुजरात में लागू होगा और गुजरात के वे मूल निवासी, जो राज्य के बाहर रहते हैं, उन पर भी प्रभावी रहेगा। इसके अंतर्गत वे व्यक्ति भी शामिल किए गए हैं, जो पिछले दस वर्षों से लगातार गुजरात में निवास कर रहे हैं या राज्य अथवा केंद्र सरकार की सेवा में कार्यरत हैं। हालांकि अनुसूचित जनजातियों के सदस्यों को इस कानून से छूट प्रदान की गई है, ताकि उनकी पारंपरिक प्रथाओं और सांस्कृतिक पहचान का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

इसमें जबरन विवाह पर दंड का प्रविधान किया गया है, साथ ही हलाला जैसी कुप्रथाओं को स्पष्ट रूप से प्रतिबंधित किया गया है। इस कानून के लागू होने का सबसे महत्वपूर्ण प्रभाव लैंगिक न्याय के क्षेत्र में दिखाई देगा। महिलाओं को अब सभी समुदायों में संपत्ति, उत्तराधिकार और भरण-पोषण के मामलों में समान अधिकार प्राप्त होंगे। लिव-इन संबंधों में आर्थिक सुरक्षा मिलने से उनकी स्थिति अधिक सुदृढ़ होगी और बच्चों के अधिकार भी सुरक्षित रहेंगे। पंथ के आधार पर कानूनी

अंतर्धार्मिक विवाह अधिक सुगम होंगे और संपत्ति से जुड़े विवादों में जटिलताएं भी कम होने की संभावना है। कानूनी प्रक्रिया में भी उल्लेखनीय सरलीकरण आएगा। अदालतों पर बोझ कम होगा, क्योंकि एक जैसे विवादों का निपटारा एक ही कानूनी ढांचे के अंतर्गत किया जा सकेगा। इससे न्याय वितरण अधिक तेज, पारदर्शी और प्रभावी बनेगा। पारिवारिक मामलों में मुकदमों की संख्या घटने से सामाजिक स्थिरता को भी बल मिलेगा। आर्थिक दृष्टि से देखा जाए तो संपत्ति संबंधी विवादों में कमी आने से व्यापार और निवेश का परिवेश भी अधिक अनुकूल होगा।

अब इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सरकार को कई ठोस कदम उठाने होंगे। इसके लिए सबसे पहले, एक सुदृढ़ डिजिटल पंजीकरण प्रणाली विकसित करनी होगी। साथ ही ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाना होगा। प्रशिक्षित अधिकारियों की नियुक्ति और न्यायिक कर्मचारियों को नए प्रविधानों से अवगत कराना भी उतना ही महत्वपूर्ण होगा। इसको चरणबद्ध तरीके से लागू करने से संभावित चुनौतियों का बेहतर ढंग से सामना किया जा सकेगा। जनता के बीच विश्वास निर्माण के लिए निरंतर संवाद और सहभागिता भी अनिवार्य होगी।





अपने जीवन को प्रेम की मधुर धुन बनाइए!

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# तेल-गैस संकट में कितनी-कब तक राहत

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध से उपजे संकट का असर जैसे-जैसे अपने पांव पसारता जा रहा है, वैसे-वैसे यह साफ हो रहा है कि इसकी सबसे गंभीर मार आम लोगों पर पड़ने वाली है। बाजार में जिस तेजी से वस्तुओं की कीमतें चढ़नी शुरू हो गई हैं, उसमें बहुत सारे लोगों के लिए रोजमर्रा की जरूरी चीजों की खरीदारी करते हुए यह सोचने की जरूरत आ खड़ी हुई है कि युद्ध कब खत्म होगा और सामान्य स्थिति कब बहाल होगी।

खासतौर पर पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की उपलब्धता को लेकर जिस तरह के हालात पैदा हुए हैं, उसमें स्थिति को सामान्य बनाए रखना सरकार की सबसे अहम प्राथमिकता होनी चाहिए। इस दिशा में एक कदम उठाते हुए सरकार ने पेट्रोल और डीजल के उत्पाद शुल्क में दस-दस रुपए की कटौती की। यों इससे केवल तेल कंपनियों को राहत मिलेगी, लेकिन यह उम्मीद भी की जा सकती है कि फिलहाल आम लोगों के लिए उपलब्ध होने वाले पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर रह सकती हैं।

हालांकि ईरान के खिलाफ इजराइल और अमेरिका के हमले के बाद जिस तरह दुनिया भर में कच्चे तेल की आपूर्ति बाधित हुई है, उसकी वजह से वैश्विक पैमाने पर पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ी हैं। ऐसे में भारत में भी यह चुनौती



खड़ी है कि इस समस्या के बीच आम लोगों को राहत देने के लिए क्या कदम उठाए जा सकते हैं।

उत्पाद शुल्क में कटौती से खुले बाजार में पेट्रोल और डीजल के दाम को स्थिर रखने में मदद जरूर मिल सकती है, लेकिन अभी असली समस्या उपलब्धता की है। देश भर से ऐसी खबरें आई हैं कि पेट्रोल-डीजल के लिए लोगों को कई तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। संकट ज्यादा गहराने की आशंका में पेट्रोल-डीजल की अतिरिक्त खरीदारी करने को लेकर भी एक तरह की होड़ देखी गई है।

दूसरी ओर, रसोई गैस के सिलेंडरों की आपूर्ति जिस पैमाने पर बाधित हुई है, उसकी वजह से चौतरफा चिंता उभरी है। ऐसे बहुत सारे लोग हैं, जिनके पास रसोई गैस खत्म हो गई है और एजंसियों में इसकी उपलब्धता बेहद सीमित है।

घोषित तौर पर सरकार यह आश्वासन जरूर दे रही है कि घबराने की बात नहीं है, क्योंकि देश के पास तेल और गैस का पर्याप्त भंडार है। कच्चे तेल की खरीद के लिए सरकार ने अन्य विकल्पों की ओर भी देखा है।

मगर हालत यह है कि रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में बढ़ोतरी की गई, उसे हासिल करने के लिए अवधि का अंतराल बढ़ाया गया है, वाणिज्यिक सिलेंडर की भी आपूर्ति सीमित की गई है। उसके बावजूद बहुत सारे लोगों के सामने रसोई गैस सिलेंडर प्राप्त करना एक बड़ी चुनौती बन गई है।

कई जगहों से सिलेंडरों की कालाबाजारी और जमाखोरी की शिकायतें भी आईं। इसके मद्देनजर प्रधानमंत्री ने राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात करते हुए जमाखोरी और कालाबाजारी से सख्ती से निपटने को कहा है। मगर इतना तय है कि जब तक सरकार इस संकट के दौर में वैकल्पिक उपायों या फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कूटनीतिक प्रयासों के जरिए तेल और गैस की आपूर्ति को सामान्य बनाने की व्यवस्था नहीं करती है, तब तक लोगों के बीच आशंका की स्थिति बनी रहेगी।

उम्मीद की जानी चाहिए कि सरकार ने जिस तरह पेट्रोल और डीजल के उत्पाद शुल्क में कटौती करके कंपनियों को राहत दी है, उसी तरह आम लोगों की रोजमर्रा की जरूरत की चीजों की कीमतें नियंत्रण में रखने से लेकर रसोई गैस के सिलेंडरों की सहज आपूर्ति भी सुनिश्चित करेगी।

# मंगोलिया, जहां चाय से सस्ता है मीट

भारत में आज भी ज्यादातर घरों में नॉन-वेज कभी-कभार ही बनता है. छुट्टियों में या किसी त्यौहार में

**जरा हट के**

या दोस्तों के आ जाने पर लोग मांस पकाते हैं. लेकिन अगर आपको लगता है कि मांस महंगा खाना है तो एक बार मंगोलिया के बारे में जान लीजिये.

इस देश में मटन और बीफ का मांस कई बार चाय या कॉफी के कप से भी सस्ता पड़ता है. मंगोलिया वह देश है जहां इंसानों से कहीं ज्यादा पशु हैं और लोग सदियों से मांस-दूध आधारित आहार पर जी रहे हैं. मंगोलिया की आबादी करीब 35 लाख है, लेकिन यहां पशुओं की संख्या 50-70 मिलियन से ऊपर बताई जाती है. यानी हर व्यक्ति पर औसतन 15-20 पशु आते हैं. इसमें भेड़, बकरी, गाय, घोड़े और ऊंट शामिल है. ये सब घास के मैदानों में घूमते रहते हैं. नॉमेडिक जीवनशैली के कारण



यहां मांस की भरपूर उपलब्धता है, जिससे इसके दाम बहुत कम रहते हैं. सोशल मीडिया पर कई वीडियो वायरल हैं जिनमें दावा किया गया है कि मंगोलिया में मांस कॉफी से भी सस्ता है.

**मांस ही है मुख्य भोजन**

मंगोलिया की पारंपरिक डाइट में रोटी या चावल बहुत कम जगह रखते हैं. यहां के लोग मुख्य रूप से "रेड फूड" (मांस) और "व्हाइट फूड" (दूध के उत्पाद) पर निर्भर रहते हैं. सर्दियों में तो पूरा आहार मांस पर आधारित होता है क्योंकि ठंड से बचने के लिए कैलोरी की जरूरत ज्यादा होती है. एक अध्ययन के अनुसार मंगोलिया में प्रति व्यक्ति मांस की खपत दुनिया में सबसे ऊंचे स्तर पर है. लाल मांस (मटन, बीफ, घोड़े का मांस) का रोजाना सेवन बहुत अधिक होता है. ग्रामीण इलाकों में लोग सुबह मांस का सूप या उबला हुआ मटन, दोपहर में मांस से बने व्यंजन और शाम को फिर मांस-दूध का कुछ ना कुछ जरूर खाते हैं. सब्जियां और फल बहुत कम इस्तेमाल होते हैं. मंगोलियाई व्यंजनों में प्रसिद्ध हैं– खोरखोग (पत्थरों पर पकाया गया मटन), उबला हुआ मांस (चानासन माख), सूखा मांस (बोर्ट्स) और विभिन्न प्रकार के दूध से बने उत्पाद जैसे एयराग (फर्मेंटेड घोड़े का दूध). नॉमेड लोग गेर (यूर्त) में रहते हैं और बाहर ठंड में मांस को फ्रीजर की तरह इस्तेमाल करते हैं.

अक्सर घरों में सुबह के नाश्ते के बाद कुछ इडलियां बच जाती हैं। आप उन बची हुई इडलियों का इस्तेमाल करके यह शानदार डिश बना सकते हैं। इडली चावल और दाल से बनती है, जो पचने में हल्की और सेहत के लिए फायदेमंद होती है।

# इडली चाट

खाना-खजाना

### सामग्री

- इडली: 4-5 (छोटे टुकड़ों में कटी हुई)
- सब्जियां: 1 बारीक कटा हुआ प्याज और 1 टमाटर
- स्वाद के लिए: थोड़ी-सी उबली हुई स्वीट कॉर्न या हरी मटर
- चटनी और दही: 2-3 चम्मच मीठी दही, 1 चम्मच इमली की चटनी और हल्की-सी हरी चटनी
- मसाले: आधा चम्मच चाट मसाला, चुटकी भर भुना जीरा पाउडर और हल्का सा नमक
- गार्निश के लिए: बारीक नमकीन सेव और ताजा हरा धनिया
- हल्का फ्राई करने के लिए: 1 चम्मच घी या मक्खन

### बनाने की विधि

सबसे पहले कटी हुई इडली के टुकड़ों को एक पैन में थोड़ा सा घी या मक्खन डालकर हल्का सुनहरा होने तक भून लें। ऐसा करने से इडली बाहर से क्रिस्पी हो जाएगी



और चाट में बहुत अच्छा क्रंच आएगा। अब इन क्रिस्पी इडली को एक बाउल में निकाल लें। इसमें बारीक कटा हुआ प्याज, टमाटर, और उबले हुए स्वीट कॉर्न डाल दें। रंग-बिरंगी सब्जियां देखकर बच्चों को यह डिश बहुत अट्रैक्टिव लगेगी।

अब बारी है इसे असली 'चाट' का रूप देने की। इसके ऊपर अच्छी तरह फेंटा हुआ मीठा दही डालें। फिर इमली की मीठी चटनी और थोड़ी सी हरी चटनी डालें। (चूंकि यह बच्चों के लिए है, इसलिए मिर्च और तीखापन कम ही रखें)।

अब ऊपर से थोड़ा-सा चाट मसाला, भुना जीरा पाउडर और नमक छिड़कें। सबसे आखिर में इसके ऊपर बारीक नमकीन सेव और ताजा हरा धनिया डालकर सजाएं।

अगर आप इसे सुबह टिफिन के लिए पैक कर रहे हैं, तो इडली को सब्जियों और मसालों के साथ अच्छे से मिक्स कर दें, लेकिन दही और चटनी को एक छोटी सी अलग डिब्बी में पैक करें। बच्चे जब स्कूल में लंच खोलेंगे, तो वे खुद चटनी डालकर इसे एकदम ताजा और क्रिस्पी खा सकेंगे।

## आज का राशिफल

**मेष** : स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। फालतू खर्च होगा। किसी के व्यवहार से क्लेश होगा। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। सहकर्मी साथ नहीं देंगे। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे।

**वृषभ** : डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। शेयर मार्केट में जल्दबाजी न करें। व्यापार लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। लेन-देन में सावधानी रखें। प्रमाद न करें।

**मिथुन** : कार्यस्थल पर परिवर्तन की योजना बनेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। ऐश्वर्य व आरामदायक साधनों पर व्यय होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। जल्दबाजी से बचें। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी।

**कर्क** : तीर्थदर्शन की योजना फलीभूत होगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। आत्मशांति रहेगी। यात्रा संभव है। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। दूसरों की जवाबदारी न लें। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। थकान रह सकती है।

**सिंह** : चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। किसी अपरिचित व्यक्ति पर अतिविश्वास न करें। किसी भी प्रकार के विवाद में न पड़ें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। व्यापार ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा।

**कन्या** : किसी व्यक्ति विशेष का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सदस्यों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। नौकरी में मातहतों से अनबन हो सकती है। शारीरिक कष्ट संभव है। जल्दबाजी से हानि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**तुला** : स्थायी संपत्ति के कार्य मनोनुकूल लाभ देंगे। किसी बड़ी समस्या का हल सहज ही प्राप्त होगा। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग मिलेगा। भाग्य अनुकूल है। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। शत्रुओं का पराभव होगा। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं। प्रसन्नता रहेगी।

**वृश्चिक** : रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। पार्टी व पिकनिक का आयोजन हो सकता है। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

**धनु** : विवाद को बढ़ावा न दें। कानूनी अड़चन से सामना हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। दौड़धूप से स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है। आय बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। जोखिम न लें।

**मकर** : मित्रों का सहयोग करने का मौका प्राप्त होगा। मेहनत का फल मिलेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। लेन-देन में सावधानी रखें। अपरिचितों पर अंधविश्वास न करें। कारोबार ठीक चलेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य अनुकूल है। समय का लाभ लें।

**कुंभ** : भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। किसी बड़े काम को करने की योजना बनेगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। घर-परिवार में कोई मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। अच्छा समय बीतेगा।

**मीन** : यात्रा मनोरंजक रहेगी। कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। समय अनुकूल है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। परिवार के साथ समय प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। जल्दबाजी न करें।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# सालों से लगा रहे BB, CC और DD क्रीम

## इनमें अंतर जानते हैं आप? कौन-सी आपकी स्किन के लिए है बेस्ट, जानें कैसे करें चुनाव?

आजकल सुबह की भागदौड़ में हर कोई चाहता है कि कम समय में स्किन भी फ्रेश लगे और मेकअप भी हल्का-फुल्का हो जाए. ऐसे में BB, CC और DD क्रीम्स ने ब्यूटी रूटीन को आसान जरूर बनाया है, लेकिन कन्फ्यूजन भी उतना ही बढ़ा दिया है. कई लोग इन्हें एक जैसा समझकर इस्तेमाल करते हैं, जबकि इन तीनों का काम और असर अलग-अलग है. अगर आप भी सोचते हैं कि आखिर कौन-सी क्रीम आपकी स्किन के लिए सही है, तो यह




### BB, CC और DD क्रीम्स: आखिर क्या है बेसिक फर्क

ब्यूटी इंडस्ट्री में इन क्रीम्स को "मल्टी-टास्किंग प्रोडक्ट्स" कहा जाता है. यानी एक ही क्रीम में मॉइस्चराइजर, सनस्क्रीन और हल्का मेकअप all-in-one. लेकिन हर क्रीम का फोकस अलग होता है और यही फर्क उन्हें खास बनाता है.

### BB क्रीम: रोज़मर्रा के लिए सिंपल सॉल्यूशन

BB क्रीम, यानी "ब्यूटी बाम" या "ब्लेमिश बाम", उन लोगों के लिए है जो भारी मेकअप से बचना चाहते हैं. यह स्किन को हल्का कवरेज देती है और साथ ही हाइड्रेशन भी बनाए रखती है. अगर आप कॉलेज या ऑफिस जा रहे हैं और बस एक नेचुरल लुक चाहते हैं, तो BB क्रीम काफी है. यह छोटे-मोटे दाग-धब्बों को छिपा देती है और स्किन टोन को बराबर दिखाती है. कई BB क्रीम्स में SPF भी होता है, जिससे हल्की सन प्रोटेक्शन मिल जाती है.

### CC क्रीम: कलर करेक्शन में एक्सपर्ट

CC क्रीम का मतलब है "कलर करेक्टर". यह खासतौर पर उन लोगों के लिए बनाई गई है जिन्हें स्किन टोन में असमानता की समस्या होती है जैसे लालिमा, पिगमेंटेशन या डार्क स्पॉट्स. मान लीजिए आपके चेहरे पर धूप की वजह से टैनिंग हो गई है या कुछ जगहें ज्यादा डार्क दिखती हैं, तो CC क्रीम वहां बेहतर काम करती है. यह BB क्रीम से थोड़ा ज्यादा कवरेज देती है और स्किन को ज्यादा इवन लुक देती है.

### किसे कौन-सी क्रीम चुननी चाहिए?

- हर स्किन अलग होती है, एक ही क्रीम सब पर सूट नहीं करती.
- **ड्राई या नॉर्मल स्किन:** BB क्रीम एक अच्छा और हल्का विकल्प है.
- **पिगमेंटेशन या अनइवन टोन:** CC क्रीम ज्यादा असरदार रहती है.
- **एजिंग स्किन या एक्स्ट्रा केयर:** DD क्रीम ट्राय की जा सकती है.
- एक दिलचस्प बात यह भी है कि कई लोग अब इन क्रीम्स को मिक्स करके भी इस्तेमाल करते हैं जैसे BB और CC क्रीम का कॉम्बिनेशन, ताकि हाइड्रेशन भी मिले और कवरेज भी.

### DD क्रीम: एडवांस स्किन केयर का कॉम्बिनेशन

DD क्रीम को "डेली डिफेंस" या "डायनामिक डू-ऑल" भी कहा जाता है. यह BB और CC क्रीम से एक कदम आगे मानी जाती है. इसमें एंटी-एजिंग प्रॉपर्टीज, स्किन टाइटनिंग और ऑयल कंट्रोल जैसे फीचर्स शामिल होते हैं. अगर आपकी स्किन पर फाइन लाइन्स दिखने लगी हैं या आप लॉन्ग-टर्म स्किन केयर चाहते हैं, तो DD क्रीम बेहतर विकल्प हो सकती है. हालांकि, यह हर किसी के लिए जरूरी नहीं होती खासकर यंग स्किन के लिए.

# घर के बालकनी में लगाएं ये पौधे

गर्मियों के मौसम में जब तेज धूप और झुलसाने वाली हवाएं चलने लगती हैं, तो बालकनी में हरियाली न केवल आंखों को सुकून देती है, बल्कि यह हमारे मानसिक स्वास्थ्य और घर की हवा को शुद्ध करने में भी अहम भूमिका निभाती है. ऐसे में यहां कुछ खास पौधे के बारे में बताया गया है जो आप अपने घर के बालकनी में लगा सकते हैं.



**रोज़मेरी:** यह एक शक्तिशाली, रेशेदार जड़ी-बूटी है जो सोचने-समझने की शक्ति को बेहतर बनाने में मदद करती है. शोध बताते हैं कि रोज़मेरी की खुशबू याददाश्त और एकाग्रता, दोनों को बेहतर बना सकती है. यह बहुत काम की भी है; आप खाना बनाने के लिए इसकी कुछ टहनियां तोड़ सकते हैं, जिससे इसके स्वास्थ्य लाभ सीधे आपकी थाली तक पहुंच जाते हैं.

**एलोवेरा:** जिसे अक्सर 'अमरता का पौधा' कहा जाता है,



एलोवेरा एक बहुमुखी उपाय है. इसका जेल त्वचा की जलन और जलने पर तुरंत राहत देता है. त्वचा पर लगाने के अलावा, यह एक प्राकृतिक एयर प्यूरीफायर (हवा साफ करने वाला) के रूप में भी काम करता है; यह हवा की गुणवत्ता पर नज़र रखता है और हवा में मौजूद अतिरिक्त ज़हरीले तत्वों को सोख लेता है .इस तरह यह एक जीवित, प्राकृतिक एयर फिल्टर का काम करता है.



**चमेली:** चमेली के मीठे, सफेद फूल ऐसी खुशबू बिखेरते हैं जो स्वाभाविक रूप से मन को शांत करती है. इसकी खुशबू कोर्टिसोल के स्तर को कम करने और मन में शांति का भाव जगाने में मददगार पाई गई है. यह एक सुंदर बेल है जो किसी भी जगह को शांति और सुकून का एक अनोखा एहसास देती है.

**पीस लिली:** अपने सुंदर सफेद फूलों के साथ, पीस लिली घर के अंदर और बाहर हवा में



मौजूद प्रदूषण को छानने में माहिर है. यह विशेष रूप से कार्बन मोनोऑक्साइड और बेंजीन जैसे तत्वों को खत्म करने में प्रभावी है. इसके घने हरे पत्ते एक प्राकृतिक ह्यूमिडिफायर (हवा में नमी बनाए रखने वाला) का भी काम करते हैं, जिससे रूखी त्वचा और श्वसन तंत्र को राहत मिलती है.



**पुदीना:** पुदीना तुरंत ऊर्जा का संचार करता है. मेंथॉल की ताज़गी भरी खुशबू थकान दूर करने और एकाग्रता बढ़ाने में मदद करती है। यह गमलों में तेज़ी से उगता है, जिससे चाय बनाने के लिए हमेशा ताज़े पत्ते मिलते रहते हैं. यह चाय पाचन में मदद करती है और पूरे शरीर को आराम पहुंचाती है.

# कम नमक खा रहे? तो लो ब्लड प्रेशर का खतरा

लो ब्लड प्रेशर होने के पीछे कई कारण हो सकते हैं, जिनमें सबसे आम है शरीर में सोडियम की कमी. सोडियम शरीर में पानी और जरूरी तत्वों का संतुलन बनाए रखता है, जिससे ब्लड प्रेशर सही रहता है. अगर इसकी कमी हो जाए, तो प्रेशर गिर सकता है. ऐसे में आप यहां बताए गए आसान उपायों को अपना सकते हैं.

यदि आप लो बीपी के लक्षणों का अनुभव कर रहे हैं, तो राहत के लिए एक गिलास पानी में थोड़ा सा नमक मिलाकर पी लें. इससे थोड़ी देर के लिए ब्लड प्रेशर बढ़ाने में मदद मिल सकती है.

अगर अचानक चक्कर आने लगे या कमजोरी महसूस हो, तो तुरंत लेट जाएं. अपने पैरों को थोड़ा ऊंचा रखें, जैसे तकिए पर रख लें. इससे खून का बहाव दिमाग की ओर बेहतर होता है और आपको जल्दी आराम मिल सकता है.

इसके अलावा, चाय या कॉफी भी कुछ समय के लिए मदद कर सकती है, क्योंकि इसमें कैफीन होता है जो ब्लड प्रेशर को थोड़ा



बढ़ाता है. लेकिन इसे आदत बनाना सही नहीं है, क्योंकि यह सिर्फ अस्थायी राहत देता है.

शरीर में पानी की कमी भी लो ब्लड प्रेशर का बड़ा कारण होती है. इसलिए दिनभर पर्याप्त पानी पीना बहुत जरूरी है. इससे शरीर हाइड्रेट रहता है और ब्लड प्रेशर संतुलित रखने में मदद मिलती है.

### इस बात का ध्यान रखें

अगर इन घरेलू उपायों के बाद भी आपकी समस्या ठीक नहीं होती, या बार-बार चक्कर और कमजोरी महसूस होती है, तो बिना देर किए डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए. सही समय पर इलाज करवाना बहुत जरूरी है, ताकि आगे कोई गंभीर समस्या न हो.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### प्रेमिका की फोटो वायरल करने की शिकायत थाने पहुंची; तो लड़के ने खाया जहर, मौत

**प्रतापगढ़.** प्रतापगढ़ जिले के अंतू में नाबालिग प्रेमिका की अश्लील फोटो और वीडियो वायरल करने की शिकायत थाने पहुंचने पर आरोपी किशोर ने जहरीला पदार्थ खा लिया। गंभीर हालत में उसे प्रयागराज ले जाया गया लेकिन उसकी मौत हो गई। मामले में दोनों पक्ष में समझौते का प्रयास होता रहा। प्रयागराज से पोस्टमार्टम के बाद शव रविवार शाम घर आया तो परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया। अंतू थाना क्षेत्र के छतरपुर निवासी एक व्यक्ति ने दो शादियां की हैं। दूसरी पत्नी का 16 वर्षीय बेटा करीब के ही शिवाला स्थित विद्यालय में हाईस्कूल का छात्र था। वह परीक्षा देने के बाद कुछ दिन पहले पिता के पास दिल्ली चला गया।

### प्रेमी की पिटाई पर गुस्साई प्रेमिका मोबाइल टावर पर चढ़ी, नीचे उतारने में छूटा पसीना

**प्रतापगढ़.** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले से 'शोले' फिल्म के वीरू जैसा वाकया सामने आया है, लेकिन यहाँ पात्र बदल गए थे। बाघराय इलाके की एक युवती अपने प्रेमी के साथ हुई मारपीट और परिजनों के रवैये से इतनी क्षुब्ध हुई कि वह कुंडा कस्बे के मनगढ़ रोड पर स्थित एक ऊंचे मोबाइल टावर पर जा चढ़ी। रविवार शाम करीब 4 बजे जब स्थानीय लोगों ने युवती को टावर की ऊंचाइयों पर देखा, तो हड़कंप मच गया। देखते ही देखते सड़क पर हजारों की भीड़ जमा हो गई और आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। युवती के टावर पर चढ़ने का वीडियो भी लोगों ने बनाया और खूब वायरल हो रहा है।

### मुंह में दुपट्टा ठूंस, हथौड़े से हत्या कर, बेडशीट में लपेट फूंकी लाश; पति-पत्नी समेत 4 गिरफ्तार

**उरई.** उत्तर प्रदेश के उरई में हैरान कर देने वाली एक घटना सामने आई है। जिले के कैलिया क्षेत्र में एक युवक की हत्या और उसका शव फूंकने के मामले में दंपति समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनकी निशानदेही पर कत्ल में प्रयुक्त हथियार, दो बाइकें, हेलमेट और रक्तरंजित कपड़े बरामद कर लिए गए हैं। चारों को जेल भेज दिया गया है। हत्याकांड का खुलासा करते हुए पुलिस कप्तान डॉ. दुर्गेश कुमार ने बताया 26 मार्च की रात ब्योना रोड पर एक युवक का अधजला शव मिला था। शव की पहचान उमरी का पुरा निवासी अमित नरवरिया के रूप में हुई। अमित के पिता गिरिजाशंकर ने तहरीर देकर हत्या और पूर्व में मिलीं धमकियों की जानकारी दी। इस पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। सीओ के नेतृत्व में जांच टीम ने कुलदीप दोहरे, दोस्त अमित दोहरे, शीतला और मिथिलेशी को गिरफ्तार किया।

पूछताछ में मुख्य आरोपी कुलदीप ने सनसनीखेज घटना बताई। उसने बताया कि 24 मार्च को उसकी पत्नी शीतला ने अमित को घर बुलाया। उसके पहुंचने पर पिटाई की गई। मुंह में दुपट्टा ठूंसकर डंडे और हथौड़े से वारकर मौत के घाट उतार दिया गया। साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से शव को बेडशीट में लपेटकर सुनसान स्थान पर ले जाकर जला दिया था। अमित के दोस्त ने घटना की जानकारी परिजनों को दी तो पुलिस को शिकायत की गई। रविवार को पुलिस ने चारों को गिरफ्तार करते हुए मामले का खुलासा किया।

# पेट्रोल पंप पर केरोसिन भी मिलेगा

- केंद्र का फैसला
- हर जिले में 2 पंपों पर सुविधा होगी
- तेल कंपनियां 5 हजार लीटर स्टॉक रख सकेंगी



AI जनरेटेड

**नई दिल्ली.** केंद्र सरकार ने रविवार को फैसला लिया है कि अब राशन की दुकानों के साथ-साथ पेट्रोल पंप पर भी केरोसिन मिल सकेगा। अब सरकारी तेल कंपनियां तय किए गए पेट्रोल पंपों से भी केरोसिन रख और बांट सकेंगी।

हर जिले में राज्य सरकार या केंद्रशासित प्रदेश प्रशासन अधिकतम 2 पेट्रोल पंप चुनेंगे, जहां यह सुविधा दी जाएगी। इन पेट्रोल पंपों पर अधिकतम 5 हजार लीटर तक केरोसिन रखा जा सकेगा।

सरकार ने सप्लाई आसान बनाने के लिए 60 दिनों के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) के नियमों में ढील दी है, ताकि जरूरतमंद परिवारों तक तेल समय पर पहुंच सके।

सरकार ने ये फैसला अमेरिका-इजराइल के ईरान संघर्ष के कारण लिया गया है। मिडिल ईस्ट में जारी जंग के कारण भारत में गैस, पेट्रोल-डीजल की कमी है। केंद्र सरकार लगातार मौजूदा हालात पर चिंता जता रही है।

#### सरकार बोली- कच्चे तेल का पर्याप्त स्टॉक

सरकार के अनुसार सभी रिफाइनरियां उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं और कच्चे तेल का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। देशभर के सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता सामान्य बनी हुई है। घरेलू खपत को देखते हुए रिफाइनरियों में एलपीजी उत्पादन भी बढ़ाया गया है।

कुछ राज्यों में अफवाहों के कारण पेट्रोल पंपों पर भीड़ और ज्यादा बिक्री देखने को मिली। सरकार ने स्पष्ट किया कि किसी भी तरह की कमी नहीं है और लोगों से अपील की गई है कि घबराकर खरीदारी न करें।

#### नियमों में छूट...

- केरोसिन बांटने वाले एजेंट और डीलरों को लाइसेंस लेने से छूट दी गई है
- टैंकरों से केरोसिन उतारने (सप्लाई) के नियम भी आसान किए गए हैं
- पेट्रोल पंपों पर केरोसिन स्टोर और वितरण की अस्थायी अनुमति दी गई है

# ईरान के तेल पर कब्जा मेरी पसंदीदा चीज -ट्रम्प

- खार्ग द्वीप भी ले सकता हूं

ट्रम्प ने कहा है कि वह ईरान का तेल अपने कंट्रोल में लेना चाहते हैं। रविवार को फाइनेंशियल टाइम्स को दिए इंटरव्यू में उन्होंने यह बयान दिया।

ट्रम्प ने कहा, 'सच कहूं तो मेरी पसंदीदा चीज है ईरान का तेल लेना। इसपर कब्जे के लिए अमेरिका के पास कई विकल्प हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'अमेरिका में कुछ लोग कहते हैं आप ऐसा क्यों कर रहे हैं?' लेकिन वे बेवकूफ हैं।'

उन्होंने खार्ग द्वीप का जिक्र करते हुए कहा, 'हो सकता है हम खार्ग द्वीप ले लें, हो सकता है नहीं।' ट्रम्प ने यह भी दावा किया कि इस द्वीप पर ईरान की रक्षा ज्यादा मजबूत नहीं है और अमेरिका इसे आसानी से अपने कब्जे में ले सकता है।




खार्ग द्वीप फारस की खाड़ी के उत्तरी हिस्से में स्थित है। यह ईरान का अहम तेल केंद्र है। यहां से ईरान का करीब 90 प्रतिशत तेल निर्यात होता है। ट्रम्प ने यह भी कहा है कि ईरान के साथ युद्ध खत्म करने के लिए जल्द समझौता हो सकता है। हालांकि उन्होंने चेतावनी दी कि अगर तेहरान ने अमेरिका का प्रस्ताव नहीं माना, तो उनके पास

# जनगणना 2026- पहले चरण के लिए 33 सवाल तय

- ऑनलाइन पोर्टल पर भी जानकारी दे सकेंगे

**नई दिल्ली.** जनगणना-2026 का पहला चरण 1 अप्रैल से शुरू हो रहा है। इसमें 33 सवाल पूछे जाएंगे। इसके मुताबिक, स्थिर रिश्ते में रहने वाले लिव-इन कपल्स को भी शादीशुदा माना जाएगा। ऐसा तब ही होगा जब कपल मानेगा कि उनका रिश्ता लंबा चलने वाला है।

पहले फेज के लिए ऑनलाइन पोर्टल भी शुरू किया गया है, जहां लोग खुद अपनी जानकारी भर सकेंगे। उनकी मदद के लिए इस पोर्टल पर FAQ (अक्सर पूछे जाने वाले सवाल) भी दिए गए हैं।

यह चरण 'हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना' कहलाता है। इसका मकसद देश में घरों और बुनियादी सुविधाओं की जानकारी जुटाना है, ताकि सरकार बेहतर योजनाएं बना सके। दूसरे चरण में आबादी से जुड़ी डिटेल जानकारी ली जाएगी।

#### जनगणना आयुक्त बोले- रेफरेंस डेट बहुत महत्वपूर्ण

भारत के रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण कहते हैं, 'जनगणना की संदर्भ तिथि (रेफरेंस डेट) बहुत महत्वपूर्ण है। संदर्भ समय 1 मार्च की आधी रात है, जो 28 फरवरी 2027 और 1 मार्च 2027 के बीच पड़ती है। इस संदर्भ तिथि का उल्लेख 16 जून 2025 को जारी पहली अधिसूचना में किया गया था, जिसमें जनगणना कराने के इरादे की घोषणा की गई थी। इसी संदर्भ तिथि के कारण इसे जनगणना 2027 कहा जाता है।


AI जनरेटेड

16 जून, 2025 को अधिसूचना प्रकाशित होने के बाद प्रक्रिया शुरू हो गई थी, लेकिन संदर्भ तिथि 1 मार्च 2027 ही बनी हुई है। जनगणना के परिणामों से प्रत्येक प्रशासनिक इकाई, राज्य, जिले, गांव और वार्ड की जनसंख्या और विभिन्न आंकड़ों की एक झलक मिलेगी, जैसा कि वे 1 मार्च, 2027 को 00:00 बजे की स्थिति में होंगे। इसलिए यह संदर्भ तिथि बहुत महत्वपूर्ण है। भारत में जनगणना दो चरणों में की जाती है। पहला चरण 'हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना' है, जिसमें घरों की सूची बनाना और उनकी गिनती करना शामिल है।'

#### पहला फेज 1 अप्रैल से

केंद्रीय गृह मंत्रालय (MHA) ने 8 जनवरी को बताया था कि देश में होने वाली जनगणना 2027 का पहला फेज 1 अप्रैल से 30 सितंबर के बीच किया जाएगा। हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश अपने यहां 30 दिनों में यह काम पूरा करेंगे।

सरकार ने यह भी कहा कि घरों की लिस्टिंग शुरू होने से 15 दिन पहले लोगों को खुद से जानकारी भरने (सेल्फ एन्यूमरेशन) का विकल्प भी दिया जाएगा। दरअसल, जनगणना 2021 में होनी थी, लेकिन कोरोना महामारी की वजह से इसे टाल दिया गया था। यह अब 2027 में पूरी होगी।

#### इन 33 सवालों के देने होंगे जवाब

| | |
|---|---|
| 1. भवन नंबर (नगर या स्थानीय प्राधिकारी अथवा जनगणना नंबर) | 16. पेयजल का मुख्य स्रोत |
| 2 मकान नंबर | 17. पेयजल स्रोत की उपलब्धता |
| 3. मकान के फर्श में प्रमुख सामग्री | 18. लाइट का मुख्य स्रोत |
| 4. मकान के दीवार में प्रयुक्त प्रमुख सामग्री | 19. शौचालय की उपलब्धता |
| 5. मकान के छत में प्रयुक्त प्रमुख सामग्री | 20. शौचालय का प्रकार |
| 6. मकान के उपयोग | 21. गंदे पानी की निकासी |
| 7. मकान की हालत | 22. स्नानघर की उपलब्धता |
| 8. परिवार क्रमांक | 23. रसोईघर, एलपीजी/पीएनजी कनेक्शन |
| 9. परिवार के सदस्यों की संख्या | 24. खाना पकाने के लिए मुख्य ईंधन |
| 10. परिवार के मुखिया का नाम | 25. रेडियो/ट्रांजिस्टर |
| 11. परिवार के मुखिया का लिंग | 26. टेलीविजन |
| 12. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य | 27. इंटरनेट सुविधा |
| 13. मकान के स्वामित्व की स्थिति | 28. लैपटॉप/कम्प्यूटर |
| 14. मकान में कमरों की संख्या | 29. टेलीफोन/मोबाइल फोन/स्मार्ट फोन |
| 15. परिवार में विवाहित दंपतियों की संख्या | 30. साइकिल/स्कूटर/मोटरसाइकिल/मोपेड |
| | 31. कार/जीप/वैन |
| | 32. मुख्य अनाज |
| | 33. मोबाइल नंबर |

### जैक से उठाई जा रही बिल्डिंग गिरी

- 3 लोगों की मलबे में दबकर मौत

**बरनाला.** बरनाला में रविवार सुबह एक मकान गिरने से 3 लोग उसके मलबे में दब गए। इससे तीनों लोगों की मौत हो गई। ये तीनों मकान में अंदर सोए हुए थे। इन्हें मलबे से निकालकर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने इनकी मौत की पुष्टि की।

मलबा हटाने के लिए जिला और पुलिस प्रशासन की टीमें पहुंची थीं। उन्होंने जेसीबी मशीनों की मदद से मलबा हटवाया। अधिकारियों ने 3 शव बरामद होने के बाद भी कई घंटे तक जेसीबी चलवाई, ताकि यदि कोई और भी मलबे में दबा हो तो उसे भी निकाला जा सके।

बताया जा रहा है कि मकान की नींव धंस जाने के बाद उसे जैक से ऊपर उठाने का काम चल रहा था। जिन लोगों की मौत हुई है, वे इसी काम में लगे हुए थे। ये कुल 4 लोग थे, लेकिन एक व्यक्ति शनिवार शाम को ही घर निकल गया था, जिससे उसकी जान बच गई।

# मुस्लिमों को क्यों दे रहे OBC आरक्षण?

- चुनावों से पहले BJP MP ने उठाई ऐसी मांग
- संसद में होने लगा हंगामा




**नई दिल्ली.** चुनावी राज्यों पश्चिम बंगाल, केरल और तमिलनाडु समेत कर्नाटक में भी मुस्लिमों को मिल रहे ओबीसी आरक्षण पर भारतीय जनता पार्टी (BJP) ने सवाल खड़े किए हैं। भाजपा के सांसद डॉक्टर के. लक्ष्मण ने सोमवार को राज्यसभा में इन चारों राज्यों का जिक्र करते हुए पूछा कि वहां आखिर मुस्लिम समुदाय की जातियों को अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) में आरक्षण कैसे दिया जा रहा है। लक्ष्मण ने मुस्लिमों को आरक्षण देने का विरोध करते हुए इसकी समीक्षा करने की मांग की। वहीं विपक्षी सदस्यों ने इस पर आपत्ति जताते हुए सदन से वॉकआउट कर दिया।

दरअसल, भाजपा सांसद डॉ. के. लक्ष्मण ने शून्य काल के दौरान यह मामला उठाते हुए कहा कि कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, केरल और तमिलनाडु में मुस्लिम समुदाय की जातियों को ओबीसी के तहत आरक्षण दिया जा रहा है जो सामाजिक न्याय तथा संविधान के तहत ओबीसी समुदाय को दिए गए अधिकारों का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण की व्यवस्था नहीं की गई है और यह सामाजिक न्याय के अनुरूप नहीं है। इसलिए वह सरकार से इसकी समीक्षा करने की मांग करते हैं। बता दें कि डॉ. के लक्ष्मण भाजपा ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष हैं और उत्तर प्रदेश से राज्यसभा सांसद हैं।

कांग्रेस सहित विपक्ष के अनेक दलों ने इसका विरोध करते हुए सदन में हंगामा किया। सभापति ने विपक्ष के सदस्यों को इस पर बोलने की अनुमति नहीं दी इसके विरोध में विपक्ष ने सदन से वॉकआउट कर गए।

### 21 साल से मुस्लिम बनकर रह रहा हिस्ट्रीशीटर नरेश गिरफ्तार

**मुरादाबाद.** मुरादाबाद पुलिस ने 'यक्ष ऐप' की मदद से एक बड़े अपराधी को दबोचने में सफलता पाई है। पाकबड़ा के गांव हासमपुर गोपाल का हिस्ट्रीशीटर नरेश, जो पिछले दो दशकों से पुलिस की आंखों में धूल झोंक रहा था, अब सलाखों के पीछे है। हैरानी की बात यह है कि नरेश पिछले 21 सालों से संभल में 'सुल्तान' बनकर रह रहा था और उसने पूरी तरह मुस्लिम जीवनशैली अपना ली थी।

# लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा शब्बीर अहमद लोन दिल्ली में अरेस्ट

**नई दिल्ली.** दिल्ली में सुरक्षा एजेंसियों ने सोमवार को लश्कर-ए-तैयबा (Let) से जुड़े आतंकी शब्बीर अहमद लोन को दिल्ली बॉर्डर से गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, शुरुआती जांच में सामने आया है कि वह बांग्लादेश से भारत विरोधी गतिविधियों को अंजाम दे रहा था।

पुलिस के मुताबिक, शब्बीर दिल्ली, कोलकाता और तमिलनाडु में आतंकी गतिविधियों के लिए युवाओं की भर्ती करने की तैयारी में था। यह पूरा नेटवर्क पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर ऑपरेट हो रहा था।



साल 2007 में भी दिल्ली पुलिस ने आतंकवाद के आरोपों में लोन को गिरफ्तार किया था। 2019 में जमानत मिलने के बाद वह बांग्लादेश भाग गया था।

#### कश्मीर में लोन के 10 ठिकानों पर छापेमारी

काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर (CIK) ने 26 मार्च को शब्बीर के आतंकी मॉड्यूल की जांच के लिए कश्मीर के तीन जिलों, गांदरबल, शोपियां और श्रीनगर के 10 ठिकानों पर रेड मारी थी।

CIK के मुताबिक, इस मामले के तार एक ट्रांजैक्शनल नेटवर्क से जुड़े पाए गए हैं, जिसमें मॉड्यूल को बांग्लादेश और पाकिस्तान में बैठे लश्कर-ए-तैयबा के हैंडलर्स से निर्देश मिल रहे थे। सुरक्षा एजेंसियां 2 महीनों से शब्बीर की गतिविधियों पर नजर रखे थीं।

# शादीशुदा जैसे माने जाएंगे लिव इन वाले

- आपत्तिजनक सवाल पूछने पर नपेंगे अधिकारी

**नई दिल्ली.** कोरोना महामारी के कारण टली भारत की जनगणना का फिर से आगाज होने जा रहा है। अप्रैल से प्रक्रिया शुरू हो जाएगी, जो फरवरी 2027 तक चलेगी इसी बीच सरकार ने साफ कर दिया है कि लिव इन में रहने वालों को शादीशुदा के तौर पर गिना जा सकता है। वहीं, कहा है कि अनुचित सवाल पूछने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई भी होगी।

भारत के रजिस्ट्रार जनरल एंड सेंसस कमिश्नर यानी महापंजीयक और जनगणना आयुक्त के अनुसार, अगर दोनों अपने रिश्ते को एक स्थायी संबंध यानी स्टैबल यूनियन मानते हैं, तो उन्हें एक विवाहित जोड़े की तरह माना जाना चाहिए।

सरकार ने साफ किया है कि उत्तरदाताओं की निजी जानकारी को



गोपनीय ही रखा जाएगा। इसके लिए सेंसस एक्ट 1948 की धारा 15 का हवाला दिया गया है। इसमें कहा गया है, 'आपकी निजी जानकारी किसी के साथ भी साझा नहीं की जाएगी।'

जनगणना आयुक्त ने साफ किया है कि प्रक्रिया के दौरान कोई भी आपत्तिजनक सवाल पूछने पर अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सभी राज्यों को भेजे गए एक पत्र में, जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने जनगणना अधिनियम, 1948 की धारा 11 के तहत निर्धारित दंडों की सूची दी है, जिसमें दोषी पाए जाने पर 1,000 रुपये के जुर्माने से लेकर तीन साल तक का कारावास या दोनों हो सकता है।

# रोहित ने अपनी सबसे तेज IPL फिफ्टी लगाई




रोहित शर्मा ने ने सिर्फ 23 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। यह IPL में उनकी सबसे तेज फिफ्टी है। इससे पहले उनका सबसे तेज अर्धशतक 25 गेंदों में आया था, जो उन्होंने 2015 के फाइनल में चेन्नई के खिलाफ लगाया था।

- मुंबई का सबसे बड़ा रनचेज; रिकॉर्ड्स

**मुं**बई इंडियंस ने IPL में अपना सबसे बड़ा रन चेज किया। टीम ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 6 विकेट से हरा दिया। वानखेड़े स्टेडियम में रोहित शर्मा ने अपनी सबसे तेज IPL फिफ्टी लगाई। वे किसी एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर भी बने।

रोहित के अब कोलकाता के खिलाफ 1161 रन हो गए हैं। इस जीत के साथ मुंबई ने 14 साल बाद IPL में अपना पहला मैच जीत लिया। टीम ने 2012 में आखिरी बार टूर्नामेंट में ऐसा किया था। तब चेन्नई सुपर किंग्स को हराया था।

मुंबई इंडियंस ने IPL इतिहास का अपना सबसे बड़ा रनचेज पूरा करते हुए 224 रन का लक्ष्य हासिल किया। इससे पहले टीम का दूसरा सबसे बड़ा चेज 219 रन का था, जो उसने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 2021 में किया था।

#### रोहित ने 50वीं बार IPL में 50+ स्कोर बनाया

रोहित ने IPL में 50वीं बार 50+ स्कोर बनाया। वे इस सूची में चौथे स्थान पर हैं, जबकि विराट कोहली 72 स्कोर के साथ टॉप पर हैं। उनके बाद डेविड वॉर्नर (66) और शिखर धवन (53) का नंबर आता है।

#### रोहित किसी टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर

रोहित ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ IPL में सबसे ज्यादा 1161 रन बनाए हैं। वे किसी एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। इस सूची में विराट कोहली पंजाब किंग्स (1159) और चेन्नई सुपर किंग्स (1146) के खिलाफ रन बनाकर दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।

# नीतीश का MLC पद से इस्तीफा

- मंत्री अशोक चौधरी रोए

**पटना.** बिहार के CM नीतीश कुमार ने सोमवार को बिहार विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उनका इस्तीफा विजय चौधरी और MLC संजय गांधी लेकर विधान परिषद पहुंचे।

मंत्री विजय चौधरी ने कहा, 'मुख्यमंत्री जी राज्यसभा के सदस्य निर्वाचित हो चुके हैं। ये तो संवैधानिक प्रक्रिया है। आज उन्हें इस्तीफा देना था। उनका त्यागपत्र MLC संजय गांधी ने विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह सौंप दिया है।'

नीतीश कुमार के इस्तीफे के बाद मंत्री अशोक चौधरी भावुक नजर आए। वो फफक कर रोते दिखे। वहीं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा, 'बीजेपी ने मुख्यमंत्री से दबाव में इस्तीफा दिलवाया है।'

इधर, BJP के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का इस्तीफा बिहार BJP के अध्यक्ष संजय सरावगी ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार को सौंप दिया है। नितिन नवीन ने कल असम जाने से पहले अपना इस्तीफा प्रदेश अध्यक्ष को सौंपा था।

# ट्रंप की हरकतों से डूबेगी US की लुटिया?

- जर्मनी में उठी अमेरिकी सैनिकों को निकालने की आवाज

**वाशिंगटन.** अमेरिका में राष्ट्रपति ट्रंप की सत्ता आने के बाद ज्यादातर सहयोगी देश नाराज नजर आ रहे हैं। ऐसी स्थिति में नाटो समेत कई सहयोगी देश खुलकर वाशिंगटन का विरोध जता रहे हैं।। दूसरे विश्वयुद्ध के बाद अमेरिका का सबसे बड़ा मित्र देश जर्मनी में वाशिंगटन के विरोध में सुर बुलंद हुए हैं। वहां की दक्षिणपंथी पार्टी ने देश में तैनात 40 हजार अमेरिकी सैनिकों को भी बाहर निकालने की मांग की है। इसके साथ ही अमेरिकी और सहयोगी देशों के बेस और परमाणु हथियारों को भी देश से बाहर निकालने की बात कही गई है।



'अल्टर्नेटिव फॉर जर्मनी' (AFD) नामक इस पार्टी ने मर्त्ज सरकार से मांग की है कि देश की 'विदेश नीति' अब वाशिंगटन से स्वतंत्र होनी चाहिए। पार्टी के नेता टीनो चुपाना ने एक बैठक में कहा कि जर्मनी को सहयोगी देशों के परमाणु ठिकानों और सैन्य अड्डों को भी खत्म कर देना चाहिए। इसकी शुरुआत 40 हजार अमेरिकी सैनिकों को देश से बाहर निकालकर करना चाहिए।

दरअसल, अमेरिका भले ही यह कहता रहा हो कि नाटो में उसने ज्यादा खर्च किया है। लेकिन यूरोपीय देशों के मन में यह भाव है कि नाटो में हमेशा ही अमेरिका के हितों को ज्यादा प्राथमिकता दी गई है। यूरोपीय देश इस बात का भी आरोप लगाते रहे हैं कि अमेरिका उन्हें विदेशी युद्धों में जबरदस्ती घसीटता रहता है। ईरान युद्ध को लेकर भी चुपाला ने नाराजगी जाहिर की है। गौरतलब है कि जर्मनी में अमेरिका को लेकर विरोध लगातार तेज हो रहा है। हमेशा विरोध में रहने वाले सत्ता पक्ष और विपक्ष इस मुद्दे पर काफी हद तक एक राय हैं।

#### जर्मनी में कितने अमेरिकी सैनिक?

दरअसल, रिपोर्ट्स के मुताबिक जर्मनी में अमेरिका के 40 हजार से ज्यादा सैनिक तैनात हैं। इसके अलावा करीब 12 से ज्यादा सैन्य अड्डे मौजूद हैं। वर्तमान में जर्मनी के 'रामस्टाइन एयरबेस' से ही ईरान पर हो रहे मिसाइल और ड्रोन हमलों का निर्णय लिया जा रहा है। इसकी वजह से जर्मनी को आशंका है कि इसको भी निशाना बनाया जा सकता है। इस एयरबेस के आसपास अमेरिका का कंट्रोल इतना ज्यादा है कि इस क्षेत्र को यूरोप का मिनी अमेरिका तक कहा जाता है।

# नेवी कर्मचारी ने प्रेमिका के तीन टुकड़े किए

- सिर जलाया, एक हिस्सा बेड के नीचे, दूसरा फ्रिज में रखा
- थाने पहुंचकर अपराध कबूला



**विशाखापत्तनम.** आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में एक शादीशुदा नेवी कर्मचारी ने अपनी प्रेमिका की हत्या कर दी। आरोपी ने शव के 3 टुकड़े किए। एक हिस्सा फ्रिज में छिपा दिया, दूसरा बोरे में भरकर बेड के नीचे रख दिया और तीसरा यानी सिर को सुनसान इलाके में ले जाकर जला दिया। वारदात के समय पत्नी मायके गई थी।

पुलिस के मुताबिक आरोपी चिंतादा रविंद्र (35) नेवी कर्मचारी हैं। वह INS डेगा में तैनात है। रविंद्र ने रविवार दोपहर अपनी 29 साल की प्रेमिका मोनिका को घर बुलाया था। शाम के समय दोनों के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद उसने हत्या कर दी।

हत्या के बाद आरोपी ने खुद थाने पहुंचकर अपराध कबूल कर लिया। पुलिस के जांच में सामने आया कि रविंद्र ने मोनिका की चाकू से हत्या की।

#### दोनों 5 साल से डेट कर रहे थे

- रविंद्र और मोनिका की मुलाकात 2021 में एक डेटिंग ऐप के जरिए हुई थी। इसके बाद दोनों के बीच संबंध बने। वे विशाखापट्टनम में अलग-अलग जगहों पर मिलते थे। पुलिस के मुताबिक रविंद्र का दावा है कि मोनिका ने उससे 3 .5 लाख रुपए लिए थे। वह अक्सर रिश्ते का खुलासा करने की धमकी देती थी।
- वारदात के वक्त रविंद्र की पत्नी कुछ दिन पहले विजयनगरम स्थित अपने मायके गई हुई थी। इसी दौरान उसने मोनिका को घर बुलाया था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था। रविंद्र हत्या के इरादे से चाकू खरीदने दुकान में गया था, जब वहां चाकू नहीं मिला तो ऑनलाइन मंगाया।

# यूपी पुलिस में बड़ा फेरबदल

- 13 एसपी समेत 27 आईपीएस अफसर ट्रांसफर

**लखनऊ.** यूपी की योगी सरकार ने सोमवार की शाम पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल कर दिया। 13 जिलों के पुलिस कप्तान समेत 27 आईपीएस अफसरों के तबादले कर दिए गए हैं। इनमें एक महानिरीक्षक भी शामिल हैं। प्रशिक्षण निदेशालय में तैनात पुलिस महानिरीक्षक चन्द्र प्रकाश को लखनऊ में ही पुलिस महानिरीक्षक, सुरक्षा के पद पर भेजा गया है। जिन जिलों के एसपी बदले गए हैं उनमें शाहजहांपुर, एटा, महोबा, रामपुर, कौशांबी, चंदौली, अमरोहा, मऊ, जालौन, बहराइच, फिरोजाबाद, महाराजगंज और हमीरपुर शामिल है। इसके अलावा कई जिलों में सिटी एसपी और एसपी ग्रामीण को भी बदला गया है।

तबादला लिस्ट के अनुसार राजेश द्विवेदी को पुलिस अधीक्षक, शाहजहांपुर से सेनानायक, 38वीं वाहिनी पीएसी, अलीगढ़ में तैनाती दी गई है। श्याम नारायण सिंह को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, एटा से सेनानायक, एसडीआरएफ, लखनऊ भेजा गया है। प्रबल प्रताप सिंह को पुलिस अधीक्षक, महोबा से पुलिस अधीक्षक, अपराध, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ०प्र०, लखनऊ नियुक्त किया गया है।

## संक्षेप...

### म्हाडा मुंबई बोर्ड के घरों की लॉटरी

**मुंबई.** म्हाडा मुंबई बोर्ड के घरों की लॉटरी का इंतजार करने वालों के लिए खुशखबरी है। मुंबई बोर्ड के 2640 घरों की लॉटरी के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया सोमवार दोपहर 3 बजे से शुरू हो गई है। 15 मई को सुबह 11 बजे घरों की लॉटरी जारी होगी।

म्हाडा उपाध्यक्ष संजीव जयसवाल द्वारा सोमवार दोपहर 3 बजे ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को गो लाइव किया जाएगा।

संजीव के एक बटन दबाने के बाद से 2640 घरों को लेने की रेस शुरू हो जाएगी। आवेदक 29 अप्रैल रात 11:59 बजे तक म्हाडा की वेबसाइट housing.mhada.gov.in से रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

# डेवलपर के खिलाफ एक्शन लेगा SRA विभाग!

- **दस सालों से नहीं मिले हैं मकान**
- **5 करोड़ रुपए किराया भी बकाया**
- **बिल्डर ने मकान बेचना किया शुरू**



**ठाणे.** एसआरए डिपार्टमेंट कोपरी के उस डेवलपर के खिलाफ एक्शन लेने के लिए तैयार हो गया है, जो पिछले दस सालों से लोगों को उनके हक के मकान और रेगुलर किराया नहीं दे पा रहा है। विधायक संजय केलकर ने सेशन में इस बारे में सवाल उठाए थे और एसआरए ऑफिस पर मार्च निकालने की चेतावनी दी थी।विधायक संजय केलकर ने खोपट में भाजपा ऑफिस में आयोजित जनसेवाक जनसंवाद प्रोग्राम में मीडिया को इस बारे में जानकारी दी।

ठाणे ईस्ट के कोपरी में एसआरए प्रोजेक्ट चल रहा है और यहां के लोगों को पिछले दस सालों से उनके हक के मकान नहीं मिले हैं, और डेवलपर ने करीब पांच करोड़ रुपये का किराया भी नहीं दिया है। खास बात यह है कि डेवलपर ने सेल बिल्डिंग में मकान बेचना भी शुरू कर दिया है और लोगों को उनके हक के मकान देने में आनाकानी कर रहा है।विधायक केलकर ने इस मुद्दे पर सेशन में आवाज उठाई थी। आखिर में, अगर चार दिनों के अंदर डेवलपर के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया गया, तो लोग एसआरए ऑफिस तक मार्च करेंगे, ऐसा विधायक केलकर ने कहा। इसलिए विधायक केलकर ने बताया कि डिपार्टमेंट के सीईओ डेवलपर के खिलाफ एक्शन लेने के लिए मान गए हैं।

ठाणे में, प्रभावित लोगों को किराए की बिल्डिंग में टेम्पररी घर दिए गए हैं और ये घर बहुत खराब हालत में हैं। पिछले कई सालों से, उन्हें बीएसयूपी स्कीम के तहत उनके हक के घर नहीं मिले हैं, और अब किराए की बिल्डिंग में घर खाली करने के नोटिस दिए गए हैं। यह लोगों के साथ नाइंसाफी है। इसलिए, इस बात का एक पूरा प्लान बनाने की ज़रूरत है कि कितने परिवार प्रभावित हुए हैं, कितने लोगों को घर मिले हैं,मनपा के पास कितने घर अवेलेबल हैं और कितने वेटिंग लिस्ट में है इस पर चर्चा के लिए जल्द ही अधिकारियों की एक मीटिंग होगी।

विधायक केलकर ने इस मामले को लेकर मनपा से लगातार फ़ॉलो-अप किया और सेशन में भी अपना पक्ष रखा।विधायक केलकर ने यह भी बताया कि गुरुवार को मुंबई मनपा में अधिकारियों की एक मीटिंग रखी गई है। साथ ही, सुप्रीम कोर्ट के फ़ैसले के बावजूद, लोगों ने शिकायत की है कि डेवलपर ने पिछले दस सालों से लोगों को घर नहीं दिए हैं और केलकर ने कहा कि वे इस मामले पर भी फ़ॉलो-अप करेंगे। इस प्रोग्राम में करीब 700 लोग शामिल हुए और फाइनेंस कंपनियों द्वारा की गई धोखाधड़ी और कई दूसरी समस्याओं के बारे में विधायक केलकर को अपनी बातें बताईं। इस मौके पर पूर्व उपमहापौर सुभाष काले, अशोक भोईर,नगरसेवक दीपक जाधव, सुरेश कांबले, राजेश गाड़े, विशाल वाघ मौजूद थे।

# विट्ठलवाड़ी में आधी रात को सिरफिरे का हंगामा

- **टू-व्हीलर में तोड़फोड़**
- **CCTV में कैद हुई खौफनाक घटना**

**कल्याण.** कल्याण पूर्व के विट्ठलवाड़ी इलाके में शुक्रवार आधी रात को एक चौंकाने वाली घटना हुई, जब एक युवक ने सड़क किनारे खड़े टू-व्हीलर में तोड़फोड़ की। इस सिरफिरे दंगाई की हरकत से इलाके में डर का माहौल फैल गया है, और यह सब CCTV कैमरे में कैद हो गया है। कोलसेवाड़ी पुलिस ने इस बारे में केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक, विट्ठलवाड़ी इलाके में रात के सन्नाटे का फायदा उठाकर आरोपी ने सड़क किनारे लाइन में खड़े टू-व्हीलर को निशाना बनाया। हाथ में बड़ा पत्थर लेकर उसने एक के बाद एक गाड़ियों के आगे के शीशे, मीटर और हेडलाइट तोड़ दिए, जिससे काफी नुकसान हुआ। इलाके के लोगों ने तुरंत पुलिस को घटना की जानकारी दी। कोलसेवाड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके के CCTV फुटेज की जांच की। इस फुटेज में एक युवक हाथ में पत्थर लेकर गाड़ियों पर हमला करते हुए साफ दिख रहा था। इस सबूत के आधार पर पुलिस ने बादल चव्हाण (23) के खिलाफ प्रॉपर्टी को नुकसान पहुंचाने और तोड़फोड़ का केस दर्ज किया है। जांच जारी है।

कोलसेवाड़ी पुलिस ने चेतावनी दी है कि जो लोग पब्लिक शांति भंग करेंगे और लोगों की प्रॉपर्टी को नुकसान पहुंचाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# साई गुरमुखदास साहिब का 69वां जन्मोत्सव धूमधाम से सम्पन्न



**उल्हासनगर.** वसणशाह दरबार, कैम्प-5 में 27 मार्च की शाम साई गुरमुखदास साहिब जी का 69वां जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भव्य संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में माधवा रॉक बैंड और गायक नील सहित अन्य कलाकारों ने आधुनिक अंदाज में भजन और सिंधी गीतों की प्रस्तुति दी, जिस पर उपस्थित लोग झूम उठे। संत श्री कालीरामजी साहिब जी के मार्गदर्शन में आयोजित इस समारोह में कलाकारों के प्रदर्शन की सराहना की गई। इस मौके पर 69 किलो का केक काटकर उत्सव मनाया गया। साथ ही सिंधी फिल्म 'सधाई वडो' का प्रमोशन भी किया गया, जिसमें फिल्म के कलाकार मौजूद रहे। कार्यक्रम में शहर के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और व्यापारी भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। संत कालीरामजी साहिब ने गणमान्य व्यक्तियों को शॉल और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।

# राज्य सरकार के फैसलों की मंज़ूरी फास्ट ट्रैक पर

- **रविवार को भी 103 फैसलों का ऐलान**
- **मार्च एंड से पहले मंजूरी की जल्दबाजी**

मुंबई. मार्च खत्म होने में पहले राज्य सरकार ने सरकारी फैसलों को मंज़ूरी देने में जल्दबाजी की है। इसके लिए रविवार को छुट्टी वाले दिन भी सरकार की ऑफिशियल वेबसाइट पर 103 से ज़्यादा फैसलों का ऐलान किया गया। इनमें से ज़्यादातर फैसले फंड और ग्रांट बांटने से जुड़े हैं।

फाइनेंशियल ईयर 2025-26 मंगलवार को खत्म हो जाएगा। उससे पहले इस साल के फंड बांटने को मंज़ूरी देने के लिए इससे जुड़े प्रस्तावों को सरकारी फैसलों के ज़रिए मंज़ूरी देना ज़रूरी है। इसी के हिसाब से अलग-अलग डिपार्टमेंट इस साल के फंड और प्रस्तावों को मंज़ूरी देने में लगे हुए हैं। सरकार फंड बांटने के प्रस्तावों पर मंज़ूरी की मुहर लगाने के लिए सरकारी फैसले जारी करने की जल्दी में है।



रविवार को राज्य सरकार की तरफ से जारी फैसलों में ट्राइबल डेवलपमेंट डिपार्टमेंट के दो, हायर और टेक्निकल एजुकेशन डिपार्टमेंट के 11, इंडस्ट्री, एनर्जी और लेबर डिपार्टमेंट के 17, एग्रीकल्चर, एनिमल हस्बैंड्री, डेयरी डेवलपमेंट और फिशरीज़ और रूरल डेवलपमेंट डिपार्टमेंट के एक-एक, दिव्यांग वेलफेयर डिपार्टमेंट के 31, टूरिज्म और कल्चरल अफेयर्स डिपार्टमेंट के तीन, सॉइल और वॉटर कंजर्वेशन डिपार्टमेंट के चार, स्कूल एजुकेशन डिपार्टमेंट के 18, कोऑपरेशन, मार्केटिंग और टेक्सटाइल डिपार्टमेंट के सात, सोशल जस्टिस और स्पेशल असिस्टेंस डिपार्टमेंट के दो और पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट के चार फैसले शामिल हैं।

सरकार ने दिव्यांग डिपार्टमेंट की तरफ से अवॉर्ड पाने वालों को स्टेट ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन की तरफ से दी जाने वाली फ्री ट्रैवल कंसेशन स्कीम के लिए फंड के बारे में भी सरकारी फैसले का ऐलान किया। इस बीच, साल 2025-26 के लिए नेशनल फूड सिक्योरिटी और न्यूट्रिशन मिशन के तहत तीनों कैटेगरी (जनरल, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति) के लिए फंड की तीसरी इंस्टॉलमेंट (सेंट्रल और स्टेट शेयर) को फाइनेंशियल अप्रूवल देने का फैसला किया गया।

इसके अलावा, फाइनेंस डिपार्टमेंट ने रविवार को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत जल संसाधन विभाग के बेनिफिशियरी एरिया डेवलपमेंट और वाटर मैनेजमेंट प्रोग्राम के तहत 20 प्रोजेक्ट्स के लिए लॉन्ग-टर्म इरिगेशन फंड के तहत नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट से 556 करोड़ रुपये के लोन की मंजूरी के बारे में भी घोषणा की।

# कल्याण में कार साइड में नहीं करने पर लकड़ी से पीटा

**कल्याण.** दुकान के सामने खड़ी अपनी कार नहीं हटाई तो कल्याण के नागरिक ने डोंबिवली के देवीचापाड़ा के एक डिज़ाइनर को गाली दी और गुस्से में लकड़ी से पीटा. हमले में डिज़ाइनर के हाथ में चोट आई। हाथापाई में डिज़ाइनर की सोने की चेन और महंगी घड़ी टूट गई। इस मामले में बाज़ारपेठ पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया है। डिज़ाइनर का नाम अक्षय दिगंबर म्हात्रे है। वह अपने परिवार के साथ देवीचापाड़ा इलाके में रहता है।

अक्षय म्हात्रे ने पुलिस स्टेशन में जो जानकारी दी है, उसके मुताबिक पिछले महीने वह अपने परिवार और रिश्तेदारों के साथ कपड़े खरीदने के लिए कार से कल्याण गया था। हमने कल्याण वेस्ट के मार्केट एरिया में स्वीट लेडी शॉप पर कपड़े खरीदने का फैसला किया। हमने अपनी कार स्वीट लेडी शॉप के पास ओशन ज्वैलर्स शॉप के सामने पार्क की। कार के सामने बिना रजिस्ट्रेशन नंबर वाली एक टू-व्हीलर खड़ी थी। जब हम कार पार्क करके बाहर निकल रहे थे, तो टू-व्हीलर का मालिक हमारे पास आया। उसने हमें गाली देना और पीटना शुरू कर दिया। इस मारपीट में हमारे हाथ की घड़ी टूट गई और हाथापाई के दौरान हमारे गले की सोने की चेन भी टूट गई। बाद में, डिज़ाइनर को वहां मौजूद लोगों से पता चला कि हमें पीटने वाले आदमी का नाम ओमकार कृष्ण टाकले (21) था। पता चला कि वह कल्याण वेस्ट में महावीर शॉपिंग सेंटर के सामने समता सोसाइटी में रहता है। डिज़ाइनर अक्षय म्हात्रे ने ओमकार के खिलाफ बाज़ारपेठ पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।

# निलजे के ग्रामीणों का रेलवे प्रशासन के खिलाफ बेमियादी धरना आंदोलन

- **पुराना रेल फाटक बंद करने से ग्रामीणों को हो रही असुविधा**



**कल्याण.** रेलवे क्रॉसिंग के लिए पुराने रेलवे फाटक से आवागमन हेतु नया मार्ग उपलब्ध कराया जाए, इस मांग को लेकर निलजे गांव के नागरिकों ने रेलवे प्रशासन के खिलाफ बेमियादी धरना आंदोलन शुरू किया है। पिछले पांच-छह वर्षों से यह समस्या लंबित है, और रेलवे प्रशासन द्वारा कोई ठोस निर्णय नहीं लिया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों में तीव्र नाराजगी देखी जा रही है।

निलजे गांव के रहिवासी प्रकाश पाटील का कहना है कि, वर्तमान में उपलब्ध वैकल्पिक मार्ग गांव से तकरीबन एक से डेढ़ किलोमीटर दूर होने के कारण बुजुर्गों, महिलाओं तथा स्कूली विद्यार्थियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से बारिश के मौसम में इस मार्ग पर पानी भर जाने से आवागमन और भी कठिन हो जाता है। पाटील ने कहा कि पहले रेलवे फाटक का रास्ता स्थानीय लोगों के लिए सुविधाजनक था, लेकिन उसे बंद कर दूर का मार्ग उपलब्ध कराए जाने से ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। इस संदर्भ में निलजे के ग्रामीणों ने कई बार रेलवे प्रशासन को पत्र लिखे, ज्ञापन दिए और डीआरएम से भी मुलाकात की, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इसलिए अंततः 28 मार्च से ग्रामीणों ने बेमियादी आंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया है।

### मीरा-भायंदर-दहिसर मेट्रो 3 अप्रैल को होगी शुरू

- **CM करेंगे उद्घाटन**

**मुंबई.** दहिसर-मीरा-भायंदर मेट्रो 7A प्रोजेक्ट के पहले चरण के शुरू होने का लंबा इंतजार आखिरकार खत्म हो गया है। इस प्रोजेक्ट का उद्घाटन 3 अप्रैल को होना तय है। इसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अन्य गणमान्य व्यक्ति करेंगे। यह जानकारी विधायक नरेंद्र मेहता ने दी। इस मेट्रो प्रोजेक्ट के शुरू होने से मीरा-भायंदर के लोग अपने इलाके से सीधे अंधेरी तक यात्रा कर सकेंगे। फिलहाल लोगों को पड़ोसी शहर मुंबई आने-जाने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। चाहे ट्रेन से जाएं, तो भीड़भाड़ के कारण या सड़क मार्ग से जाएं, तो भारी ट्रैफिक जाम के कारण।

# 40 की उम्र में सोनम कपूर दूसरी बार मां बनीं

- **बेटे को जन्म दिया,**
- **खुशखबरी शेयर कर कहा- हमारा परिवार बड़ा हो गया है**

बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनम कपूर दूसरी बार मां बनी हैं। उन्होंने 29 मार्च को मुंबई में बेटे को जन्म दिया। इससे पहले उनका एक बेटा वायु है। सोनम और उनके पति आनंद आहूजा ने सोशल मीडिया पर यह खुशखबरी शेयर की।



कपल ने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से लिखा, बहुत खुशी और प्यार के साथ हम यह बताना चाहते हैं कि आज, 29 मार्च 2026 को हमारे घर एक बेटे का जन्म हुआ है। अब हमारा परिवार बड़ा हो गया है और उसके आने से हमारे दिल खुशी से भर गए हैं। वायु अपने छोटे भाई के आने से बहुत खुश है। इस नन्हे मेहमान ने हमारे घर में ढेर सारी खुशियां ला दी हैं। हम अब चार लोगों का परिवार बनकर इस नई शुरुआत के लिए बहुत आभारी हैं। प्यार के साथ- सोनम, आनंद और वायु।

खुशखबरी के बाद करीना कपूर, आलिया भट्ट, दीया मिर्जा, हुमा कुरैशी समेत कई सेलेब्स कपल को शुभकामनाएं दे रहे हैं।

- **नवंबर में दूसरी प्रेग्नेंसी अनाउंस की थी**

सोनम कपूर ने नवंबर 2025 में दूसरी बार मां बनने की खुशखबरी फैंस को दी थी। उन्होंने पिंक ग्लैमरस आउटफिट में मदरहुड कैप्शन के साथ इसकी घोषणा की। इसके बाद उनके प्रेग्नेंसी लुक चर्चा में रहे।

# पानी नहीं दे सकते तो ज़हर दे दीजिए -नगरसेवक मधुर म्हात्रे

**भारी जलसंकट से परेशान खड़ेगोलवली, कैलाशनगर की जनता**



**कल्याण.** पूर्व के खड़ेगोलवली, कैलाशनगर क्षेत्र की जनता बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रही है। वैसे तो इस इलाके में सालों से जलसंकट छाया हुआ है, लेकिन बीते दो महीने से पानी की किल्लत ज्यादा बढ़ गई है। जिसके कारण नागरिकों को और विशेषकर महिलाओं को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। जलसंकट को लेकर सोमवार को शिवसेना के नगरसेवक मधुर म्हात्रे के साथ पूर्व नगरसेवक मनोज और भाजपा नगरसेविका डा. पूजा गायकवाड़ की अगुवाई में परिसर की सैकड़ों महिलाओं ने कल्याण-डोंबिवली महानगर पालिका के ड प्रभाग कार्यालय का घेराव किया और जलापूर्ति विभाग के डिप्टी इंजीनियर से जलसंकट को लेकर जवाब मांगा। इस दौरान नगरसेवक मधुर म्हात्रे ने आरोप लगाया कि उनके क्षेत्र को मिलने वाला पानी रोककर केडीएमसी दूसरी जगह सप्लाई करती है। म्हात्रे ने तीखे शब्दों में अपनी भावना व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन यदि हमें पानी नहीं दे सकता तो पानी की टंकी में ज़हर डाल कर हमें मार दें। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि पर्याप्त पानी आपूर्ति नहीं हुई तो कल्याण पूर्व में चक्काजाम आंदोलन किया जाएगा। जलसंकट को लेकर स्थानीय नागरिक काफी आक्रामक नजर आए। महिलाओं का कहना है कि काम और नौकरी के लिए वे घर से बाहर जाती है, लेकिन उन्हें सिर्फ इस बात की चिंता लगी रहती है कि घर में पानी आ रहा है या नहीं। जलसंकट का आलम यह है कि त्योहार वाले दिन नहाने के लिए भी पानी नहीं रहता।

### सतर्क यात्री की वजह से पकड़ा गया मोबाइल चोर

**ठाणे.** शिकायतकर्ता, सुशांत दीपक गमरे (26), दिवा के रहने वाले और नवी मुंबई में एक बैंक कर्मचारी, रात करीब 9:00 बजे अपनी ट्रेन का इंतज़ार कर रहे थे। जैसे ही ट्रेन आई और प्लेटफॉर्म पर भीड़ हो गई, समीर अहमद शेख (35) नाम के संदिग्ध ने गमरे की जेब काटने की कोशिश की। अपनी जेब में हाथ देखकर, गमरे को तुरंत पता चल गया कि उसका मोबाइल फोन चोरी हो रहा है। उसने तुरंत कार्रवाई की, चोर का सामना किया और साथी पैसेंजर की मदद से उसे भागने से रोका। ग्रुप ने शेख को सफलतापूर्वक पकड़ लिया और उसे ठाणे रेलवे पुलिस को सौंप दिया। अधिकारियों ने संदिग्ध के पास से लगभग 54,000 कीमत का एक महंगा मोबाइल फोन बरामद किया। कुर्ला के रहने वाले शेख पर ऑफिशियली चार्ज लगाया गया है। सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर अर्चना दुसाने की देखरेख में पुलिस जांच कर रही है कि क्या आरोपी का सेंट्रल लाइन पर हुए दूसरे पिकपॉकेटिंग मामलों से कोई कनेक्शन है।

# SIR प्रक्रिया पर सतर्क रहने की जरुरत : किरीट सोमैया



**भिवंडी.** महाराष्ट्र में चल रही मतदाता सूची की विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर भाजपा नेता व पूर्व सांसद किरीट सोमैया ने भिवंडी में कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूचियों की जांच के दौरान कार्यकर्ता विशेष ध्यान दें, ताकि अवैध नामों को हटाया जा सके। सोमैया भिवंडी भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित पदाधिकारियों की मार्गदर्शन बैठक में बोल रहे थे। इस अवसर पर विधायक महेश चौघुले, शहर अध्यक्ष रवि सावंत, संतोष शेट्टी तथा महिला शहराध्यक्ष कल्पना शर्मा सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि 4 नवंबर 2025 से मतदाता सूची का विशेष सर्वेक्षण अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत चुनाव आयोग के बीएलओ (BLO) घर-घर जाकर मतदाताओं के फॉर्म भरवाकर सत्यापन कर रहे हैं।

सोमैया ने कहा कि भाजपा की ओर से बूथ स्तर पर प्रतिनिधियों की नियुक्ति की गई है, जिन्हें इस पूरे कार्य पर नजर रखनी होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे यह सुनिश्चित करें कि जांच के दौरान किसी भी प्रकार के 'घुसपैठ' से जुड़े नामों को चिन्हित कर हटाने की प्रक्रिया सही ढंग से पूरी हो।

# मनपा द्वारा 'स्वच्छ भिवंडी स्पर्धा 2026' का आयोजन

**भिवंडी.** भिवंडी मनपा की ओर से शहर में स्वच्छता बढ़ाने और नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 'स्वच्छ भिवंडी स्पर्धा 2026' अभियान शुरू किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 1 अप्रैल 2026 से 31 जुलाई 2026 तक आयोजित की जाएगी।

महापौर, उपमहापौर और आयुक्त के निर्देशानुसार यह अभियान सभी प्रभाग अधिकारियों व स्वास्थ्य विभाग के नेतृत्व में चलाया जाएगा। इसमें स्थानीय नागरिकों, शैक्षणिक संस्थाओं, धार्मिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं और जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी रहेगी। प्रतियोगिता कुल 500 अंकों की होगी, जिसमें प्रथम पुरस्कार 10 लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार 5 लाख रुपये और तृतीय पुरस्कार 3 लाख रुपये रखा गया है। इस स्पर्धा में कचरा वर्गीकरण, गार्बेज वल्नरेबल पॉइंट (GVP) समाप्त करना, 3R (रीयूज, रिड्यूस, रीसायकल) उपक्रम, कंपोस्टिंग, स्वच्छता लॉग बुक, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन और 'जीरो वेस्ट' जैसे कई मानकों पर मूल्यांकन किया जाएगा।




यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099